सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-402
24/09/2018

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विकास प्रबंधन संस्थान की 5वीं बैठक सम्पन्न

पटना 24 सितम्बर 2018 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में विकास प्रबंधन संस्थान सोसाइटी की 5वीं बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विकास प्रबंधन संस्थान सोसाइटी के निदेशक श्री हेमनाथ राव ने डी0एम0आई0 सोसाइटी के कार्यकलापों एवं 'प्रोग्रेस रिपोर्ट ऑफ डी0एम0आई' से संबंधित विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उल्लेखनीय है कि एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट, रिइमेजिंग बेसिक एजुकेशन के अंतर्गत पश्चिमी चंपारण के गौनाहा प्रखंड के भितिहरवा बुनियादी विद्यालय को केन्द्र मानकर 12 अन्य मध्य विद्यालयों तथा एक कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय को क्लस्टर के रूप में संवर्द्धित करने का कार्यक्रम डी0एम0आई0 के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड के अंतर्गत अमरख पंचायत में "पंचायत के सशक्तिकरण के माध्यम से सहभागितायुक्त प्रशासन" हेतु एक पायलट प्रोजेक्ट पर भी डी0एम0आई0 द्वारा कार्य जारी है। भितिहरवा बुनियादी विद्यालय को मॉडल बनाने एवं सहभागी शासन के साथ पंचायतों का सशक्तिकरण इन दोनों संदर्भ में भी डी0एम0आई0 द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनियादी विद्यालयों को रिवाइव करने का फैसला पूर्व में ही लिया गया है और जो भी बुनियादी विद्यालय बनायेंगे उसका नाम कस्तूरबा बुनियादी विद्यालय ही होगा। उन्होंने कहा कि भितिहरवा महत्वपूर्ण जगह है, जहाँ कस्तूरबा गाँधी रुकीं थीं। डी0एम0आई0 को बहुत कुछ करना है, हमारा कंसेप्ट है कि जितने भी बुनियादी विद्यालय हैं, उसे रिवाइव कर उसे मॉडल के रूप में परिणत करना। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सशक्तिकरण से संबंधित जो डी0एम0आई0 का मॉडल सामने आयेगा, उसे अन्य जगहों पर भी लागू किया जाएगा। भवन निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डी0एम0आई0 के कैम्पस का काम जल्द शुरू करायें। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर का काम भले ही फेज वाइज हो लेकिन जो बेसिक नीड्स हैं, वह तत्काल मुहैया कराई जानी चाहिए। बाउंड्री वाल आकर्षक और अच्छे ढंग से बने, पैसे की कोई कमी नही होगी। छात्रावास का तात्कालिक तौर पर प्रबंध होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, पूर्व मुख्य सचिव तथा विकास प्रबंधन संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नस के चेयरमैन श्री अनूप मुखर्जी, प्रधान सचिव वित्त श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, प्रधान सचिव पंचायती राज श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती एन0 विजय लक्ष्मी, सचिव योजना एवं विकास श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव ग्रामीण विकास श्री अरविन्द कुमार चौधरी, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री बाला मुरुगन डी0, अपर सचिव शिक्षा श्री मनोज कुमार सहित विकास प्रबंधन संस्थान से जुड़े अन्य फैकल्टी मेम्बर एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

******